तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
रत्न भूमि
रायपुर, रविवार 22 फरवरी 2026

13 राजिम माता का जीवन हमें त्याग, तपस्या और ...

14 प्रभु राम का जीवन मर्यादा का प्रतिमान है जो हमें ...

आवश्यकता है
कपड़े एवं रेडीमेड दुकान में काम करने के लिये
•सेल्समेन-सेल्सगर्ल
•कम्प्यूटर कार्य के लिये लड़के/लड़कियां
•लेडिस स्टॉफ
आकर्षक वेतन दिया जाएगा
काका होजियरी
गंज रोड, नवापारा (राजिम)
फोन : 9893744470

परीक्षा से पहले दूरी की परीक्षा, 10-15 किमी साइकिल चलाकर केंद्र पहुंच रहे छात्र

वनांचल क्षेत्र होने के कारण बच्चों को घने जंगली रास्तों से गुजरना पड़ता है

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

छत्तीसगढ प्रदेश के गरियाबंद जिले के आदिवासी विकास खण्ड मैनपुर क्षेत्र के दूरस्थ वनांचलों में स्थित शासकीय हाईस्कूल के सैकडों बच्चों को परीक्षा देने पहले 10-15 किलो मीटर सायकल चलाकर स्कूल पंहुचने से पहले परीक्षा देना पड़ता है तब कही जाकर बच्चे परीक्षा हॉल में परीक्षा के लिए प्रवेश करते है।

जिसके पीछे मुख्य कारण हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूलों की संख्या के अनुपात में परीक्षा केन्द्र कम है। मैनपुर विकासखंड क्षेत्र में कुल शासकीय हाईस्कूल 30 एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल मात्र 13 है जिसमें हाईस्कूल कक्षा 10वीं में दर्ज संख्या 1404 एवं हायर सेकेण्डरी कक्षा 12वी में 909 बच्चे अध्ययनरत है जो बोर्ड की वार्षिक परीक्षा में शामिल हुए है।

मैनपुर ब्लाक में परीक्षा केन्द्र कुल 15 है जिसमें दूरस्थ वांनचल कुल्हाडीघाट, जिडार, गोपालपुर, झरियाबाहरा, देहारगुडा बरगांव, बुरजाबहाल, चिचिया, बरबहली, बिरीघाट, खरीपथरा, बजाडी, भूतबेड़ा, बुरजाबहाल, सागडा, आडपाथर, गरहाडीह, लाटापारा जैसे हाईस्कूलो के सैकडों छात्र–छात्राओं को सायकल और मोटर सायकल के माध्यम से 10-15 कि.मी. दूरी तय कर परीक्षा केन्द्रो तक पहुंचना पड़ रहा है और कुछ स्कूलों की दूरी अधिक होने के कारण मिलो दूरी साइकिल से पहुंचना पड़ रहा है।

इन केंद्रों पर उमड़ रही भीड़

मिली जानकारी के अनुसार मैनपुर विकास खण्ड क्षेत्र में हायर सेकेण्डरी स्कूल मैनपुर, इन्दागांव, गोहरापदर, अमलीपदर, कन्या अमलीपदर, सरनाबहाल, मुडगेलमाल, उरमाल, तेतलखुटी, झरगांव, धुररवागुडी, मुचबहाल, शोभा काण्डेकेला में 15 परीक्षा केन्द्र है। जहां 30 हाईस्कूल एवं 13 हायर सेकेण्डरी स्कूल जिसमें मैनपुर, इन्दगांव,गोहरापदर, अमलीपदर, अमलीपदर, सरनबहाल, मुडगेलमाल, उरमाल, तेतलखुंटी, झरगांव, धुरवागुडी, मुचबहाल, शोभा, मैनपुर, जिडार, झरियाबहरा,गरहाडीह, काण्डेकेला, आडपाथर, लाटापारा, बुरजाबहाल, गोपालपुर, देहारगुडा, कुल्हाडीघाट, बरगांव, सगडा, खरीपथरा, बिरीघाट, बजाडी, भूतबेडा के कुल 2313 छात्र-छात्राएं बोर्ड की परीक्षा दिलाने पहुंच रहे हैं। मैनपुर विकासखण्ड दूरस्थ वनांचल क्षेत्र होने के कारण जंगली रास्ता को पार कर छात्र-छात्राएं सुबह 08 बजे ही परीक्षा केन्द्र के लिए रवाना हो जाते है क्योंकि लंबे रास्तें को सायकिल और मोटर सायकल के माध्यम से तय कर स्कूल तक पहुंचना पड़ता है, तब कही जाकर सुबह 09 बजे परीक्षा में शामिल हो पाते है।

खबर संक्षेप

सर्दी-बुखार से जूझ रहे बच्चे चिरायु टीम ने लगाया शिविर

मैनपुर। गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र के आश्रम छात्रवासों में पढ़ाई करने वाले बच्चे इन दिनों सर्दी, खांसी, बुखार और तो और खुजली जैसे बीमारियों से बेहद परेशान है प्रतिदिन बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं अस्पताल ईलाज के लिए पहुंच रहे हैं तो वहीं स्वास्थ्य विभाग के चिरायु टीम द्वारा लगातार आश्रम छात्रवासों में पहुंचकर शिविर लगाकर बच्चों का उपचार किया जा रहा है। मैनपुर से 08 किलोमीटर दूर बेहराडीह में आज चिरायु दल द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें डॉ. रीमा आनंद द्वारा बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हे दवा वितरण किया गया। डॉ. रीमा आनंद ने बताया कि अधिकांश बच्चे खुजली के बीमारी से परेशान है, बच्चों को साफ-सफाई के साथ ही आश्रम की साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया गया है।

थार वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार घायल

महासमुंद। ग्राम जामपाली में एक थार वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार व्यक्ति घायल हो गया। पिथौरा पुलिस ने बताया कि 17 फरवरी की शाम 4 से 5 बजे के बीच खेमराज ध्रुव पिता सुकलाल ध्रुव अपनी स्कूटी वाहन क्रमांक सीजी 06 एचई 8590 से जा रहा था। रूपा कैंटीन ग्राम जामपाली के पास सरायपाली की ओर से आ रही एक लाल रंग की थार वाहन क्रमांक डब्लूबी 08 के 3880 का चालक ने अपने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर खेमराज ध्रुव की स्कूटी को टक्कर दिया। एक्सीडेंट में खेमराज ध्रुव के बांया पैर के जांघ, छाती, घुटने के नीचे, कंधा, सिर एवं चेहरे में चोट लगी है। मामले में रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध पिथौरा थाने में धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

महिलाओं को जान से मारने की धमकी

महासमुंद। महिलाओं को जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपियों के विरूद्ध सिंघोड़ा थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को शालिनी बारिक पति सनातन बारिक (32 साल) निवासी लांती ने बताया कि 19 फरवरी की रात करीबन 8 बजे के आसपास में अपने गांव की नीला बाई मानिकपुरी, अनुसया साहू, सेत बाई मानिकपुरी, संतोषनी साहू, दिव्या साहू, भूमि बरिहा, नीतांजली प्रधान, प्रेम नंदनी साहू और सावित्री मोंगरे के साथ गांव में घूम रही थी। गांव के जगन्नाथ मंदिर के पास आरोपी योगेंद्र भोई, नेपाल भोई, मकरध्वज भोई, गोविंद भोई ने आकर तुम लोग गांव में क्यों घूम रहे हो कहते हुए सभी महिलाओं के साथ गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी।

एक्सीडेंट में मिनी ट्रक चालक घायल

महासमुंद। तुमगांव में करणी कृपा पावर प्लांट के पास एक टमाटर से लोड मिनी ट्रक रोड किनारे खड़ी वाहन से टकरा गई। घटना में मिनी ट्रक के चालक को गंभीर चोटें आई। पुलिस ने बताया कि सुनील कुमार मेहेर रायपुर से अपनी मिनी ट्रक क्रमांक ओडी 17 एए 5471 में टमाटर लोड कर कटक (ओडिशा) जा रहे था।

महुआ संग्राहकों को सख्त हिदायत, वन विभाग के अफसर लगातार कर रहे है निरीक्षण

जंगलों को आगजनी से बचाने के लिए वन विभाग मुस्तैद, थर्मल ड्रोन से होगी निगरानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

गर्मी का सीजन शुरु होते ही जंगलों में आगजनी का खतरा भी बढ़ गया है। ऐसे में वन विभाग ने जंगलों को आग से बचाने की कवायद शुरु कर दी है। सड़क किनारे फायर लाईन तैयार करने सहित तमाम इंतजाम इन दिनों जंगली इलाकों में किए जा रहे है। गौरतलब है कि गर्मी का सीजन शुरु होते ही पतझड़ के साथ पेड़ पौधों के सूखने का सिलसिला शुरु हो जाता है। तेज धूप, गर्मी व जमीन पर बिछे सूखे पत्तों के चलते जंगलों में आगजनी का खतरा भी काफी बढ़ जाता है। हर साल गर्मी सीजन के दौरान जंगलों में आगजनी की सैकड़ों घटनाएं सामने आती है। जिनमें कई भीषण आगजनी की घटनाएं भी होती है। आगजनी की घटनाओं से पेड़- पौधों को तो नुकसान होता ही है। जंगली जानवरों को भी आफत का सामना करते हुए वहां से जान बचाकर दूसरे इलाकों में शरण लेना पड़ता है। यही वजह है कि हर साल गर्मी का सीजन शुरु होने से पहले ही वनविभाग की तैयारियां शुरु हो जाती है। हर साल की तरह इस साल भी वन विभाग और वन प्रबंधन समिति का अमला जंगलों को आग से बचाने की तैयारी में जुट चुका है। गरियाबंद वनमंडल एंव उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व का ज्यादातर भू-भाग घने जंगलों से घिरा हुआ है और लोगों की आवाजाही के लिये जंगलों के बीच से ही छोटे बड़े मार्ग गुजरे हुए है। आमतौर पर कुछ लोग धूम्रपान करने के बाद जलते हुए बीड़ी या सिगरेट के टुकड़े ⏭ शेष पेज 12 पर

महुआ संग्रहण के लिए लगा देते हैं आग

बताया जा रहा है कि सूखे पत्तों के जमीन में बिछ जाने के कारण महुआ के संग्रहण के लिए पत्तों के नीचे दब जाते है। ऐसे में महुआ संग्राहकों को थोड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। लेकिन अपनी दिक्कतों को दूर करने के लिये कई संग्राहक महुआ पेड़ के नीचे चारो तरफ मौजूद सूखे पत्तों को आग लगा देते हैं। ताकि उन्हें महुआ संग्रहण करने में आसानी हो, लेकिन यहीं आग जंगल के अन्य हिस्सों में फैलते हुए भीषण आगजनी का कारण बन जाता है। इसलिए महुआ संग्राहकों को पेड़ के नीचे आग नहीं लगाने सख्त हिदायत दी गई है।

थर्मल ड्रोन करेगा आग बुझाने में मदद

सामान्य जंगलों के साथ ही उदंती सीतानदी अभ्यारण्य क्षेत्र में भी आगजनी की घटनाएं हर साल होती है। इस संबंध अभ्यारण्य क्षेत्र के गरियाबंद वनमंडल के डीएफओं शशिगानंदन एंव एसडीओं मनोज चन्द्राकर एवं डीएफओ वरुण जैन ने बताया की अभी तक क्षेत्र के जंगल पूरी तरह सुरक्षित है वन विभाग का अमला और ग्रामीण सजगता के साथ जंगल की सुरक्षा में लगे हुए है साथ ही वन विभाग द्वारा लगातार प्रशिक्षण एंव कार्यशाला आयोजित कर जंगल को आगजनी से रोकने उपाय बताए जा रहे हैं। उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व के उपनिदेशक वरूण जैन ने आगे बताया कि पिछले साल अभ्यारण क्षेत्र में आगजनी की लगभग 7 सौ घटनाएं सामने आई थी। जिनमें कुछ बड़ी घटनाएं भी शामिल है। आगजनी से जंगली जानवरों को किसी तरह का नुकसान नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि जंगलों को आग से बचाने के लिए थर्मल ड्रोन का सहारा लिया जायेगा। जिसके जरिये 5 से 10 किलो मीटर तक जंगल की निगरानी रखने के साथ ही आग भी बुझाया जा सकेगा। लोगों को वन उपज संग्रहण के लिये जंगल में आग नहीं लगाने सख्त हिदायत दी गई है। वहीं कुछ लोगों पर कार्रवाई भी इस साल की गई है। कला जत्था व नुक्कड़ के माध्यम से भी लोगों को जागरुक करने का प्रयास है। जंगलों में फायर लाईन तैयार करने के साथ ही फायर वाचर भी तैनात किये गए है। वहीं जंगलों में सोलर पंप भी लगाये गए है। ताकि जानवरों को पर्याप्त मात्र में पानी मिल सके।

नशे की गिरफ्त में युवा और सड़कों पर रफ्तार का कहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

शहर और कस्बों में एक चिंताजनक प्रवृत्ति तेजी से उभर रही है। शाम ढलते ही कम उम्र के लड़कों और युवाओं के समूह सड़कों, सुनसान इलाकों और सार्वजनिक स्थलों पर खुलेआम शराब का सेवन करते नजर आ रहे हैं। नशे के बाद तेज रफ्तार में वाहन दौड़ाना, स्टंट करना और मामूली बात पर विवाद करना अब आम दृश्य बनता जा रहा है। यह प्रवृत्ति न केवल युवाओं के भविष्य को प्रभावित कर रही है, बल्कि आमजन की सुरक्षा पर भी गंभीर सवाल खड़े कर रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि शराब के प्रभाव में निर्णय लेने की क्षमता कमजोर हो जाती है। ऐसे में बाइक और कार को तेज गति से चलाना सीधा दुर्घटना को न्योता देना है। कई मामलों में न तो हेलमेट का उपयोग होता है और न ही यातायात नियमों का पालन। नतीजा-सड़क हादसों में बढ़ोतरी, घायल होने या जान गंवाने की घटनाएं। यातायात विशेषज्ञों का कहना है कि शराब के सेवन के बाद वाहन चलाना कानूनन अपराध है, लेकिन जागरूकता और सख्ती दोनों की कमी दिखती है। पुलिस कार्रवाई के बावजूद हालात में अपेक्षित सुधार नजर नहीं आ रहा। विवाद से वारदात तक नशे की हालत में छोटी-छोटी कहासुनी भी बड़े झगड़े का रूप ले लेती है। कई बार बहस मारपीट तक पहुंच जाती है और मामला गंभीर आपराधिक घटनाओं में बदल जाता है। ऐसी घटनाओं से न केवल परिवारों में शोक का माहौल बनता है, बल्कि समाज में भय का वातावरण भी पनपता है। परिवार और समाज की जिम्मेदारी। विशेषज्ञों का मानना है कि समस्या की जड़ में पारिवारिक संवाद की कमी, गलत संगत और सोशल मीडिया से प्रभावित दिखावे की संस्कृति भी शामिल है। एक समाजसेवी का कहना है कि अभिभावकों को बच्चों की दिनचर्या, मित्र मंडली और गतिविधियों पर सतर्क नजर रखने की जरूरत है। स्कूलों और कॉलेजों में नशामुक्ति अभियान और काउंसलिंग सत्र नियमित रूप से आयोजित किए जाने चाहिए। प्रशासनिक सख्ती जरूरी। सार्वजनिक स्थानों पर शराब ⏭ शेष पेज 12 पर

होली से पहले शराब माफियाओं में हड़कंप महिला सहित दो आरोपी भेजे गए जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईहा बेलर

फिंगेश्वर थाना प्रभारी गौतम गावड़े की सक्रियता से क्षेत्र में दबिश देकर अवैध शराब बिक्रेता पर छापामार कार्रवाई लगातार चल रही है। पुलिस द्वारा अवैध शराब की बिक्री पर अंकुश लगाने की दिशा में एक बड़ी कार्रवाई की गई। वहीं सर्चिंग पेट्रोलिंग के दौरान भी संदिग्ध व्यक्तियों की जांच पर अवैधानिक नशीली समाग्री पाये जाने पर कार्रवाई की ज रही है। ऐसे में शराब बेचने वालो में बैचैनी हो रही है। आगामी होली त्योहार के चलते क्षेत्र में कच्ची शराब बनाने वाले एंव देशी मदिरा बेचने वाले अभी से स्टाक रखना शुरू कर दिये है। उतना ही मुस्तैदी से फिंगेश्वर क्षेत्र के पुराने शराब बेचने वालों पर निगरानी की जा रही है। इसी कड़ी में कुण्डेल का शातिर व होल सेल शराब बेचने वाला किर्तन सतनामी एवं नंद कुमार सतनामी को पुलिस थाना मे बैठाकर पुछताछ कीया गया। वहीं एस आई चिंता राम देशमुख ने धारा 151 की कार्यवाही करने की बात कही है। लेकिन ग्राम कुण्डेल एंव आसपास के लोगों ने इनके द्वारा महौल खराब करने का आरोप लगाया है। ये दोनों प्रतिदिन चरौदा, जोगीडीपा, छुईहा से थोक में शराब लेकर कुण्डेल में खपाते है। ऐसे में होली में शराब बेचने का खुला मौका मिल गया है। वहीं पिछले दिनों एक शराब आरोपी लोकेश ध्रुव पकड़े गये उनके साथ एक और आरोपी था जिसे नाबालिक होने का खुल्ला छुट का मौका मिल गया। इस नरमी से स्वच्छंद घुम रहा है,वह क्षेत्र का रोजमर्रा शराब बेचने वाले में से हैं। जबकि ⏭ शेष पेज 12 पर

तालाब के बीचों-बीच लगा दिया खंभा बड़ी दुर्घटना को न्योता दे रहा विभाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला

ग्राम रसेला के शीतला तालाब में 11केवी हिराबत्तर फील्डर के तहत तालाब के बीचों-बीच रास्ते में 11 केवी विद्युत लाइन का खंभे लगाना एक गंभीर लापरवाही और बडा खतरा है। यदि इससे कोई दुर्घटना होती है, तो इसके जिम्मेदार कौन होगा, बिजली विभाग या ठेकेदार होगा। ग्रामीणों ने कहा कि बिजली विभाग के कर्मचारियों को खंभे खड़ा करते समय तालाब का रास्ता नजर क्यों नहीं आया या जानबूझकर बीच रास्ते में अपने मन मर्जी से खंभा खड़ा करना मजबूरी था। जिससे एक बड़ी लापरवाही सामने आई है। इन खंभों पर हाई वोल्टेज तार भी प्रभावित है, इस स्थिति के कारण तालाब में आवाजाही में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और सुरक्षा को लेकर भी चिंताएं बढ़ गई है। बिजली विभाग द्वारा आंख मुंदकर पहले नक्शा तैयार किया गया होगा,उस हिसाब से ठेकेदार द्वारा तालाब के बीचों-बीच रास्ते पर खंभा खड़ा करना मुनासिब समझा। ऐसे में यह सवाल उठना लाजिमी है कि आखिर नियमों को ताक पर रखकर रास्ते पर बिना अनुमति किसके आदेश पर दी गई। सरपंच रूपादेवी ठाकुर, उपसरपंच परमेश्वर यादव, पंचगण कसराम ठाकुर, नरेश सोरी, कुबेर भुजिया, पुरोहित यादव, पीला बाई ठाकुर, रजनी बाई यादव, कृष्णा यादव, दमयंती नागेश, सरिता ठाकुर, साधना जयसवाल, डोमेश चौहान, निर्मला निषाद सहित ग्रामीणों ने विरोध जताते हुए इसे जनसुरक्षा से खिलवाड़ बताया हैं, एक छोटी सी चिंगारी भारी तबाही ला सकती है,वो चिंगारी आग की हो या बिजली के करंट की,जो कभी भी हादसे का बड़ा रूप लेकर बड़ी तबाही मचा सकती है ऐसे में हमेशा इसमें सावधानी बरतने की जरूरत है, लेकिन ⏭ शेष पेज 12 पर

आश्रम की सीढ़ी से गिरकर दूसरी का छात्र गंभीर रूप से घायल, रायपुर रेफर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

गरियाबंद जिले की आदिवासी विकासखंड मैनपुर क्षेत्र से एक बड़ी खबर निकलकर सामने आ रही है आदिवासी आश्रम में पढ़ाई करने वाले कक्षा दूसरी के एक छात्र बबलू उम्र लगभग 8 वर्ष खेलकूद करते समय आश्रम की सीधी से गिर गया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया घायल छात्र को तत्काल मैनपुर समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां से उन्हें जिला अस्पताल गरियाबंद रेफर किया गया और गंभीर स्थिति को देखते हुए रायपुर के अस्पताल में उनका इलाज किया जा रहा है अभी छात्र की तबीयत पहले से ठीक बताई जा रही है, मिली जानकारी के अनुसार तहसील मुख्यालय मैनपुर से 8 किलोमीटर दूर आदिवासी बालक आश्रम बेहाराडीह झरियाबहरा में कक्षा दूसरी के छात्र कल शुक्रवार को शाम 5:00 बजे के आसपास आश्रम के छत और सामने लगे सिढी के पास खेलकूद कर रहे थे खेलकूद करते समय सीढी से पैर फिसलने के कारण छात्र लगभग 10 फीट ऊंचाई से नीचे जमीन पर गिरा गया जिससे छात्र आंख और शरीर के कई हिस्सों पर गंभीर चोट लगी है छात्र सीढ़ी से गिरने के बाद बेहोश हो गया जिसे तत्काल मैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया डॉक्टरों ने प्रारंभिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल गरियाबंद रेफर कर दिया गरियाबंद अस्पताल में भी उनका इलाज के बाद नाजुक स्थिति को देखते हुए रायपुर में मेकाहारा अस्पताल रेफर किया गया है जहां छात्र की इलाज किया जा रहा है और आज दूसरे दिन छात्र की सेहत में सुधार बताई गईं हैं।

सहायक आयुक्त एवं क्षेत्र के जनप्रतिनिधि पहुंचे अस्पताल

आदिवासी बालक आश्रम बेहाराडीह झरियाबहरा के छात्र के घायल होने की जानकारी लगता ही आदिवासी विकास सहायक आयुक्त गरियाबंद लोकेश्वर पटेल तत्काल रायपुर अस्पताल पहुंचे और डॉक्टर को बच्चों का बेहतर इलाज करने को कहा है साथ ही क्षेत्र के जनपद सदस्य सुखचंद ध्रुव आज रायपुर पहुंचकर घायल छात्र एवं उनके परिजनों से मुलाकात किया और इलाज में पूरी तरह सहयोग करने की बात कही है आदिवासी आश्रम में एक बार फिर लापरवाही सामने आई है। मैनपुर क्षेत्र के बड़े गोबरा आदिवासी बालक आश्रम का मामला अभी थमा भी नहीं है और एक बार फिर दूसरे आदिवासी आश्रम में आश्रम प्रबंधन की लापरवाही सामने आई है। मिली जानकारी के अनुसार बेहराडीह झरियाबहरा आश्रम परिसर के भीतर लोहे का सीढी 10 से 12 फीट ऊंचा छत के ऊपर गया है और यहां खुला लोहे का सीढ़ी है। इस सिढी को पूर्व में हटाने का निर्देश गरियाबंद के तत्कालीन कलेक्टर नम्रता गांधी ने दिया था लेकिन इस ओर आश्रम प्रबंधन द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया गया आश्रम में बड़ी संख्या में कर्मचारी चपरासी नियुक्त किया गया है आश्रम अधीक्षक भी नियुक्त किया गया है बावजूद इसके एक छात्रा के सीढ़ी से गिरने कर घायल होना कहीं ना कहीं आश्रम प्रबंधन की लापरवाही को बताने के लिए काफी है यदि समय रहते तत्कालीन कलेक्टर के निर्देश पर इस सिढी को हटा दिया जाता तो आज या दुर्घटना नहीं होती, और छात्र घायल नहीं हुआ होता।

जिला सहित प्रदेश के सभी जिलों में तैयारी पूरी

सीजीपीएससी की प्रारंभिक परीक्षा आज 15 मिनट पहले बंद हो जाएंगे केंद्र के द्वार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा (2025) का आयोजन रविवार 22 फरवरी को प्रदेश के सभी 33 जिलों के परीक्षा केंद्रों में किया जाएगा। परीक्षा दो पालियों में संपन्न होगी। प्रथम प्रश्नपत्र सामान्य अध्ययन का होगा, जो प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित किया जाएगा। द्वितीय प्रश्नपत्र अभिक्षमता परीक्षण का रहेगा, जो दोपहर 3 बजे से सायं 5 बजे तक होगा। गरियाबंद जिले के सैकड़ों युवा एक परीक्षा में शामिल होने कठिन तैयारी कर रहे हैं। आयोग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार प्रथम पाली में प्रातः 9.45 बजे तथा द्वितीय पाली में दोपहर 2.45 बजे के बाद परीक्षा केंद्र का मुख्य द्वार बंद कर दिया जाएगा। निर्धारित समय के पश्चात किसी भी परिस्थिति में परीक्षार्थियों को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। परीक्षा समाप्ति से पूर्व अभ्यर्थियों को परीक्षा कक्ष से बाहर जाने की अनुमति नहीं होगी, केवल चिकित्सा आपात स्थिति में ही विशेष अनुमति दी जाएगी। परीक्षा के प्रवेश पत्र 10 फरवरी 2026 को जारी कर दिए गए हैं। इस परीक्षा के माध्यम से कुल 265 पदों पर भर्ती की जाएगी। आयोग ने स्पष्ट किया है कि निर्देशों का उल्लंघन करने वाले अभ्यर्थियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

जांच और सुरक्षा के कड़े इंतजाम

सभी अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र पर निर्धारित समय से कम से कम दो घंटे पूर्व पहुंचना अनिवार्य किया गया है। परीक्षा प्रारंभ होने के 15 मिनट पूर्व मुख्य द्वार बंद कर दिया जाएगा। इसके पश्चात किसी भी परिस्थिति में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। परीक्षा कक्ष में प्रवेश से पूर्व प्रत्येक अभ्यर्थी की मैनुअल एवं मेटल डिटेक्टर से जांच की जाएगी। महिला अभ्यर्थियों की जांच महिला पुलिस कर्मियों द्वारा तथा पुरुष अभ्यर्थियों की जांच पुरुष पुलिस कर्मियों द्वारा की जाएगी। केवल समय से पूर्व केंद्र में प्रवेश करने वाले अभ्यर्थियों को ही परीक्षा में सम्मिलित होने दिया जाएगा। आयोग ने परीक्षा कक्ष में अनुचित साधनों के प्रयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया है। किसी भी प्रकार की घड़ी, चाहे वह यांत्रिक हो या स्मार्ट घड़ी, की अनुमति नहीं होगी। अभ्यर्थी जूते, मोटे तले अथवा ऊंची एड़ी वाले फुटवियर पहनकर परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं कर सकेंगे। केवल पतले तले वाली चप्पल अथवा स्लीपर पहनने की अनुमति दी जाएगी। आयोग ने अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे सभी निर्देशों का पालन करते हुए समय पर परीक्षा केंद्र पहुंचें, ताकि किसी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके।

खबर संक्षेप

छत्तीसगढ़ विकसित राज्य बनने को अग्रसर : यादव

मैनपुर। भाजपा मंडल मैनपुर अध्यक्ष संतोष यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ तेजी से विकसित राज्य बनने की दिशा में कदम बढ़ा चुका है। आज प्रदेश का हर वर्ग किसान, महिला, युवा, सभी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की नेतृत्व वाली भाजपा सरकार की योजनाओं का लाभ ले रहे हैं। प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्री श्री साय ने कई बड़े-बड़े निर्णय लिए हैं, जिसका लाभ आज प्रदेश के सभी वर्ग के लोगों को मिल रहा है। सेवा-सुशासन-गरीब कल्याण के लिए लगातार मुख्यमंत्री श्री साय कार्य कर रहे है। श्री यादव ने कहा कि छत्तीसगढ़ को एक कुशल नेतृत्व मिला है जिसका लाभ प्रदेश को मिल रहा है। भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता जन सेवा को प्रभु सेवा मानकर कार्य करते है। मुख्यमंत्री श्री साय आज छत्तीसगढ़ को वैश्विक पहचान दिलाने के लिए कार्य कर रहे हैं।

9 वर्षीय इजान ने रखा पहला रोजा

फिंगेश्वर। स्वामी आत्मानंद गवर्मेंट इंग्लिश मीडियम स्कूल फिंगेश्वर में कक्षा तीसरी में अध्यनरत छात्र शेख इजान ने पहला रोजा रखा है इतनी गर्मी में जहां गला सुख जाता है वही नन्हे से बालक इजान ने रमजान में पूरे दिन रोजा रखा। इजान क्षेत्र के चर्चित इंटाग्राम क्रिएटर शेख इमरान का पुत्र है,उल्लेखनीय है कि मुस्लिम समुदाय द्वारा मनाया जाने वाला रमजान का पवित्र माह प्रारंभ हो गया है।इसमें 30 दिन का रोजा रहना रहता है।इजान ने बताया कि वह 9 वर्ष का है,पहला रोजा रखने वह अपने माँ पिता के साथ सुबह 4 बजे उठा और सायरी की यानी कुछ खाया और फिर दिन भर रोजा रखा। अपने अनुभव में बताया कि दिन भर न थकान लगा न ही एनर्जी डाउन हुई।रमजान में उमंग नजर आया।इफ्तारी के समय घर के लोगों ने खुशी जाहिर करते हुए।बच्चे का स्वागत कर बधाई देते हुए हौसला बढ़ाया। क्यो ? इस प्यास लगने वाले गर्मी में बिना पानी के पूरे दिन भर रोजा रहना एक बच्चे के लिए बड़ी बात है। बता दे कि रमजान में 30 दिन का रोजा पूरे होने के बाद मुस्लिम समुदाय द्वारा ईद का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है।

युवक से मारपीट

महासमुंद। युवक से मारपीट के मामले में कोतवाली पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध मामला दर्ज किया है। पुलिस को कंचन थापा ने बताया कि उसे उसके भाई समीर ने सूचना दी कि बड़े भाई सन्नी थापा के साथ पास में रहने वाले लोकेश कामडे ने मारपीट किया है। जब वह अपने बड़े भाई सन्नी को देखने आई तब समीर ने बताया कि 10 फरवरी की रात करीब 09 बजे सन्नी थापा, लोकेश कामडे के घर के बाहर टहल रहा था और लोकेश के पिता उदयभान को शराब पिलाने के लिये बोला, इसी बात को लेकर बहस हो रही थी, तभी उदयभान का लड़का लोकेश कामडे डंडा लेकर आया और गाली गलौज करते हुए सन्नी थापा को सिर में मारकर चोट पहुंचाया। जिसे जिला अस्पताल में इलाज के लिए लाया गया, जहां से उसे रायपुर रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराने वालों पर कार्रवाई

महासमुंद। बसना पुलिस ने ग्राम बड़ेसाजापाली में लोगों को शराब पीने की सुविधा उपलब्ध करा रहे दो लोगों के विरूद्ध कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि ग्राम बडेसाजापाली का माखन सेन पिता नारायण सेन (32 साल) अपने घर के पास और कुमार सिंह सिदार पिता डोकरी सिदार (50 साल) अपने दुकान में लोगों को शराब पीने की सुविधा उपलब्ध करा रहा था। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध आबकारी एक्ट की धारा 36 (सी) के तहत कार्रवाई की गई।

आईएसबीएम विश्वविद्यालय में अंतर-संस्थागत नवाचार प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

सोच की गहराई और समाधान की गुणवत्ता ही नवाचार की असली पहचानः डॉ. बीपी भोल

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

आईएसबीएम विश्वविद्यालय, नवापारा में संस्थान नवाचार परिषद के तत्वावधान में आयोजित अंतर-संस्थागत नवाचार प्रतियोगिता 2026 का आयोजन अत्यंत सफल, प्रेरणादायी एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। इस नवाचार महोत्सव ने विद्यार्थियों की वैज्ञानिक सोच, रचनात्मक क्षमता एवं सामाजिक दायित्वबोध को सशक्त मंच प्रदान करते हुए शिक्षा और समाज के बीच नवाचार की मजबूत कड़ी स्थापित की। कार्यक्रम का शुभारंभ माननीय कुलपति महोदय द्वारा फीता काटकर किया गया। उद्घाटन के पश्चात कुलपति, आमंत्रित अतिथियों एवं संस्थान नवाचार परिषद द्वारा चयनित विशेषज्ञ निर्णायक मंडल ने प्रदर्शनी स्थल का भ्रमण कर विभिन्न शासकीय महाविद्यालयों से आए छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत नवाचारी प्रतिरूपों का गहन अवलोकन किया। इस दौरान निर्णायकों ने प्रतिभागियों से प्रत्यक्ष संवाद कर उनकी अवधारणा, तकनीकी दक्षता, समस्या समाधान क्षमता तथा प्रतिरूपों की सामाजिक उपयोगिता पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। निर्णायक मंडल ने अपने अवलोकन में स्पष्ट किया कि प्रस्तुत नवाचार केवल शैक्षणिक प्रयोग तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे स्थानीय एवं सामाजिक समस्याओं के व्यावहारिक समाधान प्रस्तुत करते हैं। ऊर्जा संरक्षण, पर्यावरण सुरक्षा, प्रदूषण नियंत्रण तथा सतत विकास जैसे विषयों पर आधारित प्रतिरूपों ने सभी का विशेष ध्यान आकर्षित किया। प्रदर्शनी उपरांत विश्वविद्यालय के सभागार में सम्मान एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. बीपी भोल, विशिष्ट अतिथि छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. डॉ. सुभाषिश बिस्वास तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संस्थान नवाचार परिषद के अध्यक्ष प्रो. डॉ. एन. कुमार स्वामी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के संयोजक श्री टेकेश्वर कौशिक की सक्रिय भूमिका उल्लेखनीय रही।

- छात्र नवाचारों ने सभी का ध्यान आकर्षित किया

तकनीकी दक्षता और सामाजिक सरोकार का संगम

कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा-अर्चना एवं राजकीय गीत के साथ किया गया, जिससे संपूर्ण वातावरण में गरिमा और अनुशासन का संचार हुआ। इसके पश्चात विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोकसंस्कृति को दर्शाते हुए लोकनृत्य की मनोहारी प्रस्तुति दी गई, जिसे सश्मिता एवं अंजलि के समूह ने प्रस्तुत किया। सांस्कृतिक क्रम में अजय यादव द्वारा वाद्य यंत्र के साथ प्रस्तुत सुमधुर गीतों ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उद्बोधन सत्र में कुलसचिव डॉ. बीपी भोल ने कहा कि नवाचार केवल नए विचारों की संख्या नहीं, बल्कि सोच की गहराई, समस्या की सही पहचान और समाधान की गुणवत्ता पर आधारित होता है। उन्होंने विद्यार्थियों को विचार, प्रक्रिया और क्रियान्वयन के माध्यम से नवाचार को सशक्त बनाने का संदेश दिया। वहीं छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. डॉ. सुभाषिश बिस्वास ने दैनिक जीवन की छोटी-छोटी आवश्यकताओं से उत्पन्न नवाचारों को सामाजिक परिवर्तन का आधार बताया। संस्थान नवाचार परिषद के संयोजक टेकेश्वर कौशिक ने परिषद की गतिविधियों, उद्देश्यों एवं विद्यार्थियों को नवाचार और अनुसंधान के लिए प्रदान किए जा रहे मार्गदर्शन की जानकारी दी।

विजेताओं को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र दिए गए

उन्होंने बताया कि परिषद विद्यार्थियों को नवाचार के साथ-साथ आत्मनिर्भरता की दिशा में भी प्रेरित कर रही है। इस प्रतियोगिता में गारीयाबंद जिले के विभिन्न शासकीय महाविद्यालयों से आए छात्र-छात्राओं द्वारा लगभग बीस नवाचारी प्रतिरूप प्रस्तुत किए गए, जिनका मूल्यांकन तकनीकी दक्षता, नवाचार क्षमता एवं सामाजिक उपयोगिता के आधार पर किया गया। निर्णायक मंडल के निर्णयानुसार सौर ऊर्जा आधारित प्रतिरूप प्रस्तुत करने वाले शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गारीयाबंद के छात्र-छात्राओं को प्रथम स्थान, अपघटन प्रणाली आधारित प्रतिरूप प्रस्तुत करने वाले शासकीय फणिकेश्वरनाथ महाविद्यालय, फिंगेश्वर के विद्यार्थियों को द्वितीय स्थान तथा वायु प्रदूषण नियंत्रण प्रतिरूप प्रस्तुत करने वाले शासकीय वीर सुरेन्द्र साय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गारीयाबंद के छात्र-छात्राओं को तृतीय स्थान प्रदान किया गया। सभी विजेताओं को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए, साथ ही प्रतियोगिता में भाग लेने वाले समस्त प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

विविध खेल स्पर्धा में बच्चों ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

नगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 21 फरवरी को हर्षोल्लास और उत्साह के साथ शिशु नगरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नन्हे-मुन्ने बच्चों के सर्वांगीण विकास, आत्मविश्वास वृद्धि तथा अभिभावकों की सहभागिता को प्रोत्साहित करना रहा। कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों के लिए विभिन्न रोचक एवं मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया। इनमें मेंढक दौड़, गुब्बारा फुलाव प्रतियोगिता, जलेबी दौड़, मात्रा दौड़ तथा शब्द बनाओ प्रतियोगिता प्रमुख रहे। सभी खेलों में बच्चों ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ भाग लिया। खेल गतिविधियों के माध्यम से बच्चों में प्रतिस्पर्धा की भावना, टीम वर्क तथा मानसिक एवं शारीरिक विकास को बढ़ावा मिला। कार्यक्रम की विशेष आकर्षण माताओं के लिए आयोजित प्रतियोगिताएं रहीं।

माताओं के खेलों में माचिस की डिब्बी में सामग्री डालना, बिंदी लगाओ प्रतियोगिता, पंचगोटा तथा शिशु को पीठ पर लेकर दौड़ना जैसे रोचक आयोजन शामिल थे। उपस्थित माताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी सक्रिय सहभागिता से कार्यक्रम को सफल बनाया। उनके उत्साह ने पूरे वातावरण को आनंदमय बना दिया। इस अवसर पर संचालन समिति के व्यवस्थापक संतोषी यादव एवं अध्यक्ष विजय गुप्ता की गरिमामयी उपस्थिति रही। उन्होंने बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य संतोष वर्मा सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं स्टाफ सदस्यों टीकम मरकाम, किरण वर्मा, सेवक निषाद, ओम डहरिया, टोमन ठाकुर, मनोज निर्मलकर, होरीलाल साहू, भारती यादव, अल्का सिन्हा, मैनाज, टेकेश्वरी तारक, कविता यदु, कुंती साहू, गणेषु निषाद, निधिका, यशोदा, रश्मि, राहुल, रेखा, हेमलता एवं डिगेश्वरी की सक्रिय उपस्थिति रही। सभी के सराहनीय योगदान से कार्यक्रम सुव्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। अंत में प्रतिभागी बच्चों एवं माताओं को प्रोत्साहन प्रदान किया गया तथा विद्यालय परिवार ने भविष्य में भी ऐसे रचनात्मक एवं संस्कारमूलक कार्यक्रम आयोजित करते रहने का संकल्प लिया।

गाय हम सब की माता है : मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर

वार्षिक आम सभा का शुभारंभ गौशाला स्थित भगवान श्री कृष्ण जी का पूजा अर्चना एवं आरती कर किया गया। तत्पश्चात उपस्थित पदाधिकारी एवं सदस्यों का तिलक लगाकर एवं फूल माला से स्वागत किया गया। श्री पंचकोशी धाम आदर्श गौशाला फिंगेश्वर के अध्यक्ष डॉ चंद्रशेखर हरित ने आम सभा के शुभारंभ में संबोधित कर गौशाला के प्रारंभ से अंत तक की गतिविधियों एवं विकास पर प्रकाश डाला तथा सभी आए हुए सदस्यों का गौशाला में तन मन धनसे समर्पण हेतु आह्वान किया। तत्पश्चात गौशाला के सदस्य श्रीमती गिरिजा मारकम द्वारा प्रतिवेदन पढ़ा गया। समाजधर्म संस्कृति उत्थान मंच के अध्यक्ष अमृत यदु द्वारा गौशाला के आय एवं व्यय तथा वार्षिक बजट प्रस्तुत किया गया जिसे उपस्थित सदस्यों ने ताली बजाकर समर्थन किया। तत्पश्चात श्री पंचकोशी धाम आदर्श गौशाला समिति फिंगेश्वर के नया पदाधिकारी का चुनाव की प्रक्रिया चुनाव अधिकारी नूतन साहू सेवा निवृत्ति पंचायत इंस्पेक्टर द्वारा प्रारंभ किया गया।सभी पदों का चुनाव विधिवत सर्वसम्मति से प्रस्तावक एवं समर्थक द्वारा लाया गया और सभी सदस्यों के सहयोग से निर्वाचन किया गया।

- श्री पंचकोशी गौशाला के जगदीश राम बने अध्यक्ष

मिलकर मेहनत करने की जरुरत

उक्त निर्वाचन में सभी सदस्यों का निर्विरोध सहयोग रहा। सभी पदों का चुनाव संपन्न होने के बाद चुनाव अधिकारी द्वारा निर्वाचित पदाधिकारी की घोषणा की गई जो निम्नानुसार है। अध्यक्ष जगदीश राम साहू,कार्यकारी अध्यक्ष रामू राम साहू उपाध्यक्ष नोस राम साहू, उपाध्यक्ष उत्तम राजवंशी सचिव ओम प्रकाश साहू, कोषाध्यक्ष अशोक कुमार साहू, सह सचिव जागेश्वर साहू निर्वाचित हुए। संरक्षक में डॉक्टर चंद्रशेखर हरित, भागवत हरित पंडित त्रिभुवन प्रसाद मिश्रा, भुनेश्वर साहू, ओमप्रकाश बंछोर बनाए गए। वहीं समाज धर्म संस्कृति उत्थान मंच के अध्यक्ष अमित यदु चुने गए। कार्यकारिणी सदस्यों में परमानंद यादव, एच एल साहू, नूतन साहू, परसराम साहू,मंजूलता हरित, वस्त्सला साहू, गिरिजा मरकाम, संगीता साहू, चौंपेश्वरी साहू को चुना गया। चुनाव संपन्न होने के पश्चात सभी सदस्यों ने नए चुने गए पदाधिकारी को फूल माला पहनकर एवं तिलक लगाकर स्वागत किया तथा बधाइयां दी। डॉ. चंद्रशेखर हरित ने संबोधित करते हुए कहा कि श्री पंचकोशी धाम आदर्श गौशाला को और मजबूत तथा विकसित करना है जिनके लिए सभी पदाधिकारी एवं सदस्य मिलकर कार्य करेंगे। सरंक्षक भागवत हरित ने कहा कि सार्वजनिक संस्थाओं को चलाने में अनेकों समस्याएं आती है। इस गौशाला को भी इतनी मजबूत सिस्टम लाने में काफी मेहनत किया गया है और आगे भी सभी को मिलकर मेहनत करने की आवश्यकता है। पंडित त्रिभुवन प्रसाद मिश्रा ने श्री पंचकोशी धाम आदर्श गौशाला की गौ माता पर प्रकाश डालते हुए कहां की गाय हम सब की माता है। गाय की सेवा से संपूर्ण देवी देवताओं का सेवा होता है। इसलिए गौ माता की सभी को सेवा करना चाहिए। नवनिर्वाचित अध्यक्ष जगदीश साहू ने अध्यक्ष बनाए जाने पर सभी के प्रति आभार व्यक्त किया और सहयोग की अपील की।

नियमितीकरण व भविष्य निधि कटौती की मांग को लेकर दैनिक श्रमिकों ने विधायक से की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

लोक निर्माण विभाग में श्रम आयुक्त दर पर कार्यरत दैनिक श्रमिकों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर राजिम विधायक रोहित साहू को ज्ञापन सौंपा।

श्रमिकों ने विधायक श्री साहू से उनके नियमितीकरण, भविष्य निधि कटौती और श्रम सम्मान राशि योजना जैसे महत्वपूर्ण विषयों को विधानसभा पटल पर उठाए जाने का आग्रह किया है। लोक निर्माण विभाग में श्रम आयुक्त दर पर कार्यरत दैनिक श्रमिकों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर राजिम विधायक रोहित साहू को ज्ञापन सौंपा। श्रमिकों ने विधायक श्री साहू से उनके नियमितीकरण, भविष्य निधि कटौती और श्रम सम्मान राशि योजना जैसे महत्वपूर्ण विषयों को विधानसभा पटल पर उठाए जाने का आग्रह किया है। इसके अलावा, पूर्व शासन द्वारा लागू की गई श्रम सम्मान राशि योजना के क्रियान्वयन में भी भेदभाव का आरोप लगाया गया है। श्रमिकों का कहना है कि योजना समस्त दैनिक श्रमिकों के लिए लागू किए जाने के आदेश के बावजूद लोक निर्माण विभाग में कार्यरत कई श्रमिकों को इसका लाभ नहीं मिल रहा है। ज्ञापन में लाभ से वंचित श्रमिकों की संख्या एवं इसके कारणों को स्पष्ट करने की मांग की गई है। श्रमिक प्रतिनिधियों ने विधायक से निवेदन किया कि वे इन गंभीर एवं नीतिगत विषयों को विधानसभा पटल पर उठाकर श्रमिकों के हितों एवं भविष्य को सुरक्षित करने की दिशा में पहल करें। उन्होंने आशा जताई कि जनप्रतिनिधि के हस्तक्षेप से वर्षों से लंबित समस्याओं का समाधान संभव हो सकेगा।

ट्रैक्टर-ट्रॉली चोरी का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

ट्रैक्टर और ट्रॉली चोरी करने वाले एक आरोपी को बलौद पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने बताया कि ग्राम पालीडीह निवासी सनमत बारीक ने बलौदा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 13 फरवरी को उन्होंने अपना आयशर ट्रैक्टर (क्रमांक सीजी 06 ई 3610) को काम के बाद बाड़ा (ब्यारा) में खड़ा किया था। अगली सुबह जब वे वहां पहुंचे, तो ट्रैक्टर और ट्रॉली नहीं थे। काफी खोजबीन के बाद भी जब सुराग नहीं मिला, तो अज्ञात चोर के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना बलौदा पुलिस ने जांच तेज की। इसी दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम अर्जुंडा के पास एक संदिग्ध युवक ट्रैक्टर बेचने की फिराक में घूम रहा है। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और आरोपी युवक निराकार उर्फ दलदल नेताम निवासी ग्राम कनपला को हिरासत में लिया। पूछताछ करने पर आरोपी ने चोरी करना स्वीकार करते हुए ट्रैक्टर और ट्रॉली को कोटद्वारी के जंगल में छिपाकर रखना बताया।

रेड क्रॉस राज्य प्रबंध समिति के बैठक में रोमन सम्मिलित हुए

हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर

इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी राज्य शाखा छत्तीसगढ़ के प्रबंध समिति की प्रथम बैठक चेयरमेन तोमन साहू की अध्यक्षता में रेडक्रॉस भवन रायपुर में संपन्न हुआ। बैठक का शुभारंभ राष्ट्रगान से हुआ तत्पश्चात राज्य शाखा रेडक्रॉस राज्य प्रबंधन समिति के चेयरमेन तोमन साहू द्वारा बैठक के उद्देश्य एवं सामान्य जानकारी प्रदान करते हुए छत्तीसगढ़ रेडक्रॉस की गतिविधियों के माध्यम से महाविद्यालयों में यूथ रेडक्रॉस एवं हाई स्कूल हायर सेकेंडरी स्कूलों में जूनियर रेडक्रॉस के वॉलिंटियरों को प्रशिक्षित कर समाज सेवा से जोड़ने की बात कही गई। बैठक में एजेंडा वर चर्चा राज्य शाखा के महासचिव डॉक्टर रूपल पुरोहित द्वारा किया गया जिसमें महत्वपूर्ण बिंदु के रूप में राज्य प्रबंध समिति के अंतर्गत विभिन्न उप समिति के गठन पर विस्तार से चर्चा की गई। उप समिति के उपसभापति एवं सदस्यों के चयन का अधिकार चेयरमेन को होता है सभी उप समिति के उपसभापति एवं सदस्यों का चयन चेयरमेन द्वारा किया जाएगा। नवनिर्मित ब्लड बैंक भवन के शुभारंभ एवं उपयोग के संबंध में चर्चा की गई। चेयरमेन तोमन साहु के साथ सभी प्रबंध समिति के सदस्य उपस्थित रहे। राज्यपाल के द्वारा रेडक्रॉस के माध्यम से अधिक से अधिक मानव सेवा की बात कहते हुए सिकलसेल बीमारी के लिए प्रत्येक जिले में ब्लॉकवार प्रशिक्षण शिविर लगाकर उनके उपचार के लिए जन जागरूकता लाने के लिए जोर दिया। उनके द्वारा रक्तदान शिविर एवं सदस्यता अभियान पर जोर दिया गया। बैठक में गरियाबंद जिला के राज्य प्रतिनिधि रोमन साहू उपस्थित रहकर उनके द्वारा भी राज्य एवं जिला के रेडक्रॉस की कोई प्रभावी संचालन की बात रखी गई। बैठक में वाइस चेयरमैन पाणिग्रही कोषाध्यक्ष संजय पटेल राष्ट्रीय प्रतिनिधि युवराज देशमुख, डॉ. प्रदीप साहू, बाला राम साहू, अशोक गोस्वामी, अलेक्जेंडर चेरियन, अर्चना सैमुअल, अशोक अग्रवाल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी एम के राउत एवं समस्त सदस्य उपस्थित थे। उक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी पूरन लाल साहू ने दी।

पेज 11 के शेष...

जंगलों को आगजनी...

को लापरवाहीपूर्वक सड़क किनारे जंगलों की ओर फेंक देते है। जिसके बाद छोटी से एक चिंगारी सूखे पत्तों को चपेट में लेकर भीषण आग का रुप ले लेती है। यही वजह है कि जंगलों के भीतर से गुजरे जितने भी सड़क है उनके किनारे फायर लाईन तैयार कर सूखे पत्तों को जलाया जा रहा है। ताकि आग जंगल की ओर आगे न बढ़ सके।

नशे की गिरफ्त...

सेवन पर सख्त निगरानी शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर कठोर कार्रवाई नाबालिगों को शराब बेचने वाले प्रतिष्ठानों पर दंडात्मक कदम नियमित चेकिंग और ब्रेथ एनालाइजर अभियान भविष्य की सुरक्षा के लिए सामूहिक प्रयास युवा देश की ताकत हैं। यदि यही ऊर्जा गलत दिशा में मुड़ जाए, तो समाज को भारी कीमत चुकानी पड़ती है। जरूरत है कि परिवार, समाज और प्रशासन मिलकर ऐसी प्रवृत्तियों पर अंकुश लगाएं। नशे से दूर रहकर जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा देना समय की मांग है। सवाल केवल कानून का नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ी के सुरक्षित और उज्ज्वल भविष्य का है।

होली से पहले...

उस पर भी कार्रवाई बनता है। उस पर कार्रवाई नहीं होने से कुण्डेल में पुलिस पर घोर नराजगी हो रही है। फिंगेश्वर थाना प्रभारी गौतम गौवड़े के निर्देश पर पुलिस बल द्वारा शुक्रवार को वेद प्रकाश बंजारे पिता पन्ना लाल ग्राम कुण्डेल 18 वर्ष को 65 पौव्वा 11 लीटर देशी मदिरा मसाला बाबाकुपी पुलिया के पास पकड़े गए। वहीं गंगा बाई साहू पत्नी दीनबंधु 50 साल ग्राम बेलर 8 लीटर कच्ची महुआ शराब आरोपी के घर के सामने नाले के पास पाया गया। दोनों आरोपी पर अपराध क्रमांक 38/26-धारा आबकारी एक्ट 34(2) की कार्यवाही कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया जहां उनके निर्देश पर दोनों आरोपी वेदप्रकाश बंजारे कुण्डेल, गंगा बाई साहू बेलर को जेल दाखिल किया गया। थाना प्रभारी की सक्त कार्यवाही को प्रसंशनीय कहा तो शराब बेचने वालो दहशत है। होली के मौके पर अधिक अवैध शराब बेचने की आशंका जताई जा रही है। होली से पूर्व शराब माफियाओं पर नकेल कसने की तैयारी, थाना प्रभारी की सक्रियता से दहशत का माहौल है।

तालाब के बीचों...

रसेला के इलाके में शायद ऐसा कुछ नजर नहीं आता है,न ही सुरक्षा मानकों को लेकर किए काम दिखाई देते हैं। जमीनी हकीकत के बीच गहरी खाई साफ नजर आ रही है। एक ओर इलाके में स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं, वहीं दुसरी ओर तालाब के बीचों-बीच रास्ते पर खंभे किसी भी वक्त बडे हादसे को न्योता दे रहे हैं। लोगों का कहना है कि रात के अंधेरे में यह खतरा और बढ़ जाता है। प्रशासन को तत्काल क़दम उठाने चाहिए, स्मार्ट मीटर तभी सार्थक होंगे,जब बिजली व्यवस्था सुरक्षित होगी।

खबर संक्षेप

राष्ट्रीय गौरव रथ का जामगांव में स्वागत

अभनपुर। यहां कुछ दूरी पर स्थित माँ मातंगी दिव्य धाम ग्राम जी जामगांव मे राष्ट्रीय गौरव रथ आगमन पर भव्य, ऐतिहासिक और आध्यात्मिक स्वागत किया गया। धाम के पीठाधीश्वर डॉ. प्रेमा साई जी महाराज के सानिध्य में संपन्न इस आयोजन में राष्ट्र जागरण, सांस्कृतिक एकता और धार्मिक चेतना का संदेश दिया गया। माँ मातंगी दिव्य धाम जिसे आध्यात्मिक साधना के साथ-साथ सामाजिक एवं सांस्कृतिक जागरण के कार्यों के लिए भी प्रसिद्ध है। मीडिया से चर्चा के दौरान डॉ. प्रेमा साई जी महाराज ने हिंदू जागरण, सांस्कृतिक समरसता और राष्ट्र चेतना पर अपने विचार व्यक्त करते उन्होने छत्तीसगढ़ शासन से आग्रह किया कि महापुरुषों के जीवन और उनके योगदान को शैक्षणिक पाठ्यक्रम में समुचित स्थान दिया जाए, ताकि नई पीढ़ी अपने गौरवशाली इतिहास से परिचित हो सके। कार्यक्रम के अंतर्गत सायं 5 बजे राष्ट्रीय गौरव रथ का विधिवत पूजन किया गया, जिसके बाद भव्य शोभायात्रा झांकी एवं जस सम्राट दुकालू यादव की प्रस्तुति से लोग झूमते नजर आये। माँ मातंगी दिव्य धाम में हुआ यह स्वागत समारोह छत्रपति शिवाजी महाराज के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने के साथ ही राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक गौरव का प्रेरक उदाहरण बनकर उभरा। गौरव रथ नासिक, शिरडी, संभाजीनगर, रायपुर सहित विभिन्न शहरो से होते हुये जगन्नाथ पुरी पहुंची जहां अंतरराष्ट्रीय शिव जन्मोत्सव के साथ संपन्न हुआ। इस मौके पर पूर्व मंत्री महेश गागड़ा,प्रांत प्रचारक राकेश भार्गव सहित अन्य वरिष्ठजन उपस्थित रहे। आयोजकों ने इसे छत्तीसगढ़ की धरती के लिए गौरवपूर्ण और अविस्मरणीय क्षण बताया।

सीएम के जन्मदिन पर हितग्राहियों का सम्मान

अभनपुर। भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश के निर्देशानुसार मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के जन्मदिन के उपलक्ष्य में अभनपुर भाजयुमो मंडल द्वारा ग्राम केंद्री में हितग्राहियों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री आवास योजना, महतारी वंदन योजना, किसान सम्मान निधि सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को सम्मानित किया गया। उपस्थित पदाधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश में सुशासन और जनकल्याण की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन हो रहा है, जिससे आम नागरिकों को सीधा लाभ मिल रहा है। इस दौरान किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष नेतराम साहू, भाजयुमो जिला महामंत्री ज्ञान प्रकाश चंद्राकर, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र साहू, मंडल महामंत्री झड़ीराम पटेल, एसटी मोर्चा जिला मंत्री मानसिंग ध्रुव, ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष गोविंद साहू, भाजयुमो महामंत्री धनंजय बघेल, समीर यदु, पंचराम ओगरे, सुयश गीरेपुंजे सहित युवा मोर्चा एवं ग्राम के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

आयोजन : ग्राम कुम्ही में वार्षिक अधिवेशन और प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया

राजिम माता का जीवन हमें त्याग, तपस्या और जनसेवा की प्रेरणा देता है: रोहित साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

परिक्षेत्र साहू समाज राजिम ग्रामीण के तत्वावधान में ग्राम कुम्ही में राजिम माता जयंती, वार्षिक अधिवेशन और प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में समाज की एकता देखने को मिली। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजिम विधायक रोहित साहू थे, प्रमुख अतिथि छग स्टेट वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन के अध्यक्ष चंदूलाल साहू जबकि अध्यक्षता साहू समाज के जिलाध्यक्ष प्रवीण साहू ने की। कार्यक्रम की शुरूआत राजिम माता के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण के साथ हुई। इस समारोह में आस-पास के गांवों से आए साहू समाज के बंधुओं ने हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि के रूप में अपने संबोधन में विधायक रोहित साहू ने कहा कि साहू समाज अत्यंत सशक्त समाज है और सामाजिक सरोकारों में भी अग्रणी है। राजिम माता का जीवन हमें त्याग, तपस्या और जनसेवा की प्रेरणा देता है। समाज के लोगों को उनके पदचिह्नों पर चलते हुए शिक्षा और एकता के क्षेत्र में निरंतर कार्य करना चाहिए। समारोह के दौरान आयोजित वार्षिक अधिवेशन में समाज के पदाधिकारियों ने सामाजिक एकजुटता को मजबूत करने, शिक्षा के स्तर को ऊँचा उठाने और समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने पर विस्तृत चर्चा की।

परंपराओं को सहेज कर रखना ही समाज की असली ताकत

समाज के वरिष्ठजनों ने युवाओं को मार्गदर्शन देते हुए कहा कि अपनी संस्कृति और परंपराओं को सहेज कर रखना ही समाज की असली ताकत है। इस दौरान वर्ष भर शिक्षा, खेल, कला और सामाजिक कार्यों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले समाज के होनहार विद्यार्थियों और विशिष्ट व्यक्तियों को विधायक रोहित साहू व अन्य पदाधिकारियों द्वारा स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष इंद्राणी-नेहरू साहू,पूर्व जनपद अध्यक्ष पुष्पा साहू, साहू समाज के परिक्षेत्र अध्यक्ष प्रकाश साहूउपाध्यक्ष बेदराम साहू, संगठन सचिव दानी राम साहू, महिला उपाध्यक्ष नंदनी साहू, महिला संगठन सचिव सोनिया साहू,सचिव लीलाराम साहू, पूर्व सचिव किशोर साहू, कोषाध्यक्ष प्रकाशचंद साहू, अंकेक्षक उत्तम साहू, संरक्षक नंदुराम साहू, विभिन्न गांवों के साहू समाज ग्रामीण अध्यक्ष,समाज के वरिष्ठ नागरिक, महिला प्रकोष्ठ की सदस्य और बड़ी संख्या में साहू समाज के लोग उपस्थित थे।

मितानिन बहनें, ग्रामीण स्वास्थ्य सेवा की रीढ़ हैं

छुरा। स्वस्थ पंचायत सम्मेलन एवं जनसंवाद कार्यक्रम शीतला मंदिर प्रागंण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक रोहित साहू थे। नगर पंचायत की प्रथम नागरिक लुकेश्वरी निषाद ने अध्यक्षता किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा मंडल अध्यक्ष ख़ोमन चंद्राकर, हेमंत सिन्हा, शिव जायसवाल, जिला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा राजू साहू, जिला पंचायत सभापति शिवांगी चतुर्वेदी, नगर पंचायत सभापति भोलेशंकर जायसवाल, बलराज पटेल, गरिमा ध्रुव, जनपद सदस्य मुंगेश्वरी अशोक ठाकुर, पूर्व जिला पंचायत सदस्य केशरी ध्रुव, जिला समन्वयक चंद्रकांता साहू, गायत्री यादव एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण मंचासीन रहे। मितानिन दीदीयों के द्वारा नगर में स्वास्थ्य जागरूकता संबंधी रैली निकाली गई। ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति द्वारा किए गए उत्कृष्ट प्रयासों एवं प्राप्त सफलता की कहानी को बताया गया। विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी द्वारा शासकीय योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। स्वस्थ पंचायत समन्वयक एवं कार्यक्रम संयोजक राजेश्वरी साहू द्वारा विकासखंड में माता मृत्यु एवं शिशु मृत्यु को रोकने हेतु सारगर्भित संदेश दिया गया। इस अवसर पर विधायक रोहित साहू ने कहा कि मितानिन बहनें, ग्रामीण स्वास्थ्य सेवा की रीढ़ हैं।

मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया

गांव में स्वास्थ्य, टीकाकरण, स्वच्छता की अलख जगाती हैं। टीकाकरण, संस्थागत प्रसव और आपातकालीन स्वास्थ्य सहायता में महत्वपूर्ण योगदान देती है। लुकेश्वरी थानसिंग निषाद ने कहा कि समाज में महिलाओं की स्थिति जितनी सशक्त, प्रभावशाली और सुदृढ़ होती है, समाज उतना अधिक उन्नत, सभ्य और प्रगतिशील होता है। निषाद ने छुरा नगर एवं राजिम विधानसभा में विकास की गंगा बहाने के लिए विधायक रोहित साहू का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में किए गए विशिष्ट कार्यों के लिए सम्मान किया गया। नगर के प्रतिष्ठित शिक्षक अर्जुन धनंजय सिन्हा को नवाचारी शिक्षा, योग, स्काउटिंग के साथ-साथ विभिन्न शासकीय कार्यक्रमों के सफल एवं सरस संचालन के लिए मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। विधायक रोहित साहू ने शिक्षक अर्जुन धनंजय सिन्हा की जमकर प्रशंसा किए एवं पुष्पमाल से भी सम्मानित किए। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग परियोजना अधिकारी चंदूलाल साहू, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कीर्तन साहू, इंद्र कुमार चंद्राकर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी यमन देवांगन, जिला समन्वयक चंद्रकांता साहू, गायत्री यादव, विकासखंड समन्वयक दामिनी साहू, खिलावन साहू, स्वस्थ पंचायत समन्वयक राजेश्वरी साहू, मंजूषा जैन, संतोषी रामटेके, ठेठवार यादव समाज प्रांतीय उपाध्यक्ष शंकर लाल यदु, कोषाध्यक्ष खेमलाल यादव, समन्वयक पंकज कुमार साहु, मितानिन प्रशिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में मितानिन उपस्थित रहे।

मितानिन बहनें गांव की एमबीबीएस डॉक्टर : रोहित साहू

छुरा। नगर के शीतला मंदिर प्रांगण में शुक्रवार को विकासखंड स्तरीय स्वस्थ पंचायत सम्मेलन एवं जनसंवाद कार्यक्रम का भव्य आयोजन ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण समिति के तत्वावधान में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजिम विधायक रोहित साहू शामिल हुए। अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष लुकेश्वरी थानसिंग निषाद ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा मंडल अध्यक्ष खोमन चंद्राकर, जिला पंचायत वन सभापति शिवांगी चतुर्वेदी, खड़मा मंडल अध्यक्ष हेमंत साहू, युवा नेता राजू साहू सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी एवं मां सरस्वती के छायाचित्र पर पूजा-अर्चना के साथ किया गया। इस अवसर पर विधायक रोहित साहू ने कुल 239.68 लाख रुपये की लागत से होने वाले विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। इनमें 121.16 लाख से बनने वाला कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल भवन, 108.52 लाख के सीसी रोड एवं टीना शेड निर्माण कार्य तथा 10 लाख की लागत से बनने वाला ठेठवार यादव समाज भवन शामिल है। मितानिन बहनों को संबोधित करते हुए विधायक रोहित साहू ने कहा कि जनप्रतिनिधि होने के नाते लोगों की समस्याएं सुनना और उनका समाधान करना मेरी प्राथमिक जिम्मेदारी है। आज जनदर्शन कार्यक्रम के कारण थोड़ी देर हो गई। आप सभी का स्नेह और धैर्य मेरे लिए प्रेरणा है।उन्होंने कहा कि आज मितानिन बहनें गांव की रीढ़ बन चुकी हैं। अगर उन्हें गांव की ‘एमबीबीएस डॉक्टर’ कहा जाए तो यह अतिशयोक्ति नहीं होगी। प्राथमिक उपचार से लेकर प्रसव और स्वास्थ्य जागरूकता तक, हर मोर्चे पर मितानिन दीदी अहम भूमिका निभा रही हैं। स्वस्थ और स्वच्छ गांव के निर्माण में उनका योगदान अतुलनीय है। विधायक ने विश्वास दिलाया कि जनता ने जो भरोसा जताया है, उसे वे विकास कार्यों के माध्यम से निरंतर निभा रहे हैं। आने वाले वर्षों में राजिम विधानसभा क्षेत्र में विकास की नई धारा प्रवाहित होगी। नगर पंचायत अध्यक्ष लुकेश्वरी थानसिंग निषाद ने कहा कि विधायक रोहित साहू के नेतृत्व में छुरा नगर में विकास की गति अभूतपूर्व है। महज एक वर्ष के कार्यकाल में जिस रफ्तार से सड़क, पानी, नाली और भवन निर्माण के कार्य हुए हैं, वह पिछले कई वर्षों से कहीं अधिक प्रभावी है। छुरा अब विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है।

अंतिम व्यक्ति तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता

उन्होंने राजा तालाब के सौंदर्यीकरण के लिए बजट की मांग रखी, जिस पर विधायक ने इसे प्राथमिकता में शामिल कर शीघ्र पूर्ण कराने का आश्वासन दिया। जिला पंचायत वन सभापति शिवांगी चतुर्वेदी ने कहा कि प्रदेश के अंतिम व्यक्ति तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने कहा था कि भारत गांवों में बसता है। गांवों का विकास ही देश का विकास है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ‘विकसित भारत’ के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। स्वस्थ गांव, सशक्त प्रदेश और विकसित भारत हमारा लक्ष्य है। पार्षद भोलेशंकर जायसवाल ने खिलाड़ियों के लिए इंडोर स्टेडियम, वॉलीबॉल नेट एवं मैदान निर्माण की मांग रखी, जिस पर विधायक ने सकारात्मक आश्वासन दिया। कार्यक्रम में मितानिन बहनों का सम्मान भी किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में मितानिन, जनप्रतिनिधि एवं नागरिक उपस्थित रहे। सम्मेलन ने यह संदेश दिया कि जब जनप्रतिनिधि, स्वास्थ्य कार्यकर्ता और जनता एक मंच पर आते हैं, तो विकास और स्वास्थ्य दोनों की नई दिशा तय होती है। छुरा अब स्वस्थ, स्वच्छ और विकसित भविष्य की ओर दृढ़ कदम बढ़ा रहा है।

यादव समाज का सामूहिक विवाह व युवक-युवती परिचय सम्मेलन आज

रायपुर। छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज पंजीयन क्र. 5066 रायपुर से सबद्ध महानगर इकाई एवं जिला तथा महिला प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में 22 फरवरी को एक दिवसीय प्रदेश स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं आदर्श सामूहिक विवाह का आयोजन किया जा रहा है। समाज के प्रदेश सचिव एवं शहर जिला अध्यक्ष सुन्दर लाल यादव ने प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता में बताया कि कार्यक्रम महादेव घाट रायपुरा, रायपुर स्थित सामाजिक भवन में प्रातः 11 बजे से होगा। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर सामाजिक सम्मेलन, सामाजिक विभूतियों तथा मेघावी छात्र-छात्राओं का सम्मान सहित सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे। उन्होंने बताया कि इस वर्ष 21 जोड़ों का आदर्श विवाह कराने का लक्ष्य रखा गया है। इस दौरान सभी जोड़ों के विवाह का खर्च समाज द्वारा वहन किया जाएगा। श्री यादव ने बताया कि विवाह योग्य वर-वधू की तलाश में परिवार जनों के समय व धन दोनों ही खर्च होता है। इसे बचाने और समाज के विवाह योग्य युवक-युवतियों को एक ही मंच पर लाकर उन्हें परिचय देने का अवसर दिया जाएगा। इससे अपने लडक़े या लडक़ी के अनुरूप युवक या युवती के परिचय देने पर कार्यक्रम स्थल पर ही उनके परिजनों को साथ बैठाकर आपस में चर्चा कराने की व्यवस्था भी की जा रही है। इससे उन्हें आगे भी मुलाकात कर चर्चा को आगे बढ़ाने और रिश्तेदारी में बदलने में आसानी होगी। श्री यादव ने बताया कि कार्यक्रम दो सत्र में आयोजित किया जाएगा। प्रथम सत्र के मुख्य अतिथि प्रदेश के स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव तथा द्वितीय सत्र के मुख्य अतिथि रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज के प्रदेश अध्यक्ष जगनीक यादव करेंगे। इसके साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत, महापौर मीनल चौबे, चंद्रपुर विधायक रामकुमार यादव, खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव तथा बाल संरक्षण आयोग छत्तीसगढ़ की सदस्य एवं समाज की महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष आशा-संतोष यादव उपस्थित रहेंगे। श्री यादव ने बताया कि कार्यक्रम में प्रदेशभर के प्रबंधनकारिणी सदस्य, जिला, ब्लॉक परिक्षेत्र महानगर एवं समाज के आजीवन सदस्यों के साथ ही समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल होंगे। पत्रकार वार्ता में समाज के संरक्षक घुरऊराम यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शत्रुधन यादव, कार्यकारी अध्यक्ष प्रीतम यादव, सचिव बैशाखू राम यादव, कोषाध्यक्ष मतवारी यादव, संयुक्त सचिव नरेश यादव, न्याय प्रकोष्ठ अध्यक्ष परदेशी यादव, लेखापाल रामस्वरूप यादव एवं मीडिया प्रभारी शशिकांत यादव उपस्थित थे।

व्यास गद्दी में मोतीलाल साहू का किया गया सम्मान...

नवापारा-राजिम। ग्राम निमोरा में आयोजित चंडी महायज्ञ एवं श्री श्रीमददेवी भागवत आयोजन के दौरान भगवताचार्य युवराज पांडे ने व्यास गद्दी में रायपुर ग्रामीण के विधायक मोतीलाल साहू,समाज के वरिष्ठ मेहतरू राम साहू,पूर्व जनपद उपाध्यक्ष चंद्रहास साहू,राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू,वरिष्ठ पत्रकार श्यामकिशोर शर्मा, प्रकाश वर्मा, समाजसेवी रविशंकर साहू एवं चेरिया के समाजसेवी राजू शर्मा का सम्मान प्रतिक चिन्ह भेंटकर किया। मालूम हो कि श्रीमद् देवी भागवत कथा एवं चंडी यज्ञ का आयोजन ग्राम के सम्मानित नागरिक डीसी प्रसाद साहू ,प्रेमवती साहू, गुलाबचंद साहू ,तुलेश साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ अभनपुर योगेश साहू अनुज राम नंदकुमार साहू दिलीप साहू एवं साहू परिवार द्वारा आयोजित किया गया है जहां बड़ी संख्या में मातृशक्तियां और आसपास के लोग शामिल हो रहे है।

16 साल से मरघट ही है ईश्वर का संसार

जहां खत्म होता है सफर, वहां बसता है इस परिवार का आशियाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

श्मशान या मरघट का नाम सुनते ही जहां आम लोगों के पसीने छूट जाते हैं और शाम ढलते ही सन्नाटा रूह कंपा देता है, वहीं नवापारा की महानदी किनारे स्थित मुक्तिधाम एक परिवार के लिए पिछले 16 वर्षों से ‘घर’ बना हुआ है। यह कहानी है ईश्वर निषाद और उनके आठ सदस्यीय परिवार की, जिनके लिए चिताओं की राख और श्मशान का सन्नाटा ही जीवन का आधार है। मरघट नवापारा के एक परिवार का आशियाना बना हुआ है। यही से इनकी रोजी-रोटी चलती है। भरी बरसात हो, चाहे ठंड अथवा गर्मी का सीजन बेखौफ हो करके आठ सदस्यीय परिवार यहां रहता है जिनकी दीपावली, होली और दीगर सभी पर्व यही मनता है। 42 साल का ईश्वर निषाद पिछले 16 साल से अपने परिवार के साथ महानदी किनारे नवापारा के मरघट में निवास कर रहा है। पूछने पर बताया कि मौत एक दिन होना ही है तो मौत से डरना क्या? वे लाशों के साथ भी कभी-कभी न केवल रात बिताता है बल्कि सोता भी है। सवाल करने पर कि डर नहीं लगता? जवाब था हां एक बार जरूर शुरूआती दौर में डर लगा था जब ग्राम पोड़ के एक युवा की दुर्घटना में मौत हुई थी। उनका अंतिम संस्कार परिवार के लोग करके चले गए। रात में वह जलती चिता के पास जब पहुंचा तो ऐसा हवा का खतरनाक झोंका आया कि चिता से आग की लपटें और गरम राख चेहरे से लेकर पूरा शरीर भर हो गया। वह किंचित डर गया। बावजूद अपने दिल को कड़ा किया। फिर तो जैसे-जैसे समय बीतता गया, मन की डर खतम हो गई। वह कहता है कि लाश से कैसा डर? डर तो जिंदा लोगों से होता है। बता दें कि जहां लोग अपनों को अंतिम विदाई देने आते हैं, जहां शोक की नमी हवा में घुली रहती है, जहां हर चिता के साथ एक कहानी राख हो जाती है - उसी मरघट को अपना घर बना लिया है।

चिता की छांव में उत्सव और बचपन

मुक्तिधाम में बसता यह परिवार हमें सिखाता है कि जीवन का सबसे बड़ा सत्य मृत्यु है, और जो इसे स्वीकार कर लेता है, उसके लिए भय का कोई स्थान नहीं बचता। मरघट को आशियाना बनाने वाले इस परिवार की कहानी सिर्फ एक चौकीदार की नहीं, बल्कि उस साहस और संवेदना की कहानी है, जो हर दिन जीवन और मृत्यु के बीच खड़ी रहती है। यह कहानी समाज के उस अनदेखे हिस्से को सामने लाती है, जो चुपचाप अपना कर्तव्य निभाता है - बिना किसी चर्चा, बिना किसी पहचान के। बता दें कि ईश्वर के साथ इस मरघट में उनके 76 साल का पिता संतराम निषाद,माता चैती निषाद, ईश्वर की पत्नी सावित्री निषाद, बेटा प्रताप निषाद और दो बेटी किरण एवं देविका निषाद भी रहती है। बुजुर्ग पिता संतराम ने बताया कि बाहर में लोग दीपावली पर्व मनाते है तो उनका परिवार यहां मरघट में भी आतिशबाजी करके इस पर्व की खुशियां बिखेरते है। यहां केवल लाश नही बल्कि सांप बिच्छू जैसे जीव जंतु भी बारहो माह निकलते रहते है परंतु डर उन्हें बिल्कुल नही लगता। बच्चो को भी डर नही लगता। हां रात में कुत्ता के रोने और भौंकने की आवाज विचलित जरूर करती है। यही से उनका परिवार का गुजारा चलता है।

जनभावना की आस्था पर चोट, नई आबकारी नीति : रामकृष्ण

मैनपुर। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मैनपुर अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव ने छत्तीसगढ़ भाजपा सरकार की नई आबकारी नीति पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा है सुशासन कि दुहाई देने वाली भाजपा सरकार द्वारा नई शराब नीति लागू करना उनकी असलियत बयां कर रहा है यह नीति विकास नहीं, बल्कि जनता की कमर तोड़ने का प्रयास है, भाजपा सरकार ने जिस प्रकार राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि, होली और मुहर्रम जैसे महत्वपूर्ण त्यौहारों के अवसरों पर भी शराब दुकानों को खोलने का निर्णय लिया है, वह प्रदेश की जनता की भावनाओं के साथ सीधा खिलवाड़ है। श्री ध्रुव ने कहा कि जिस दिन पूरा देश गांधी जी के संयम, सत्य और नैतिक मूल्यों को याद करता है, उस दिन शराब बिक्री की अनुमति देना सरकार की प्राथमिकताओं को उजागर करता है। क्या अब त्योहार और राष्ट्रीय दिवस भी सिर्फ राजस्व कमाने का जरिया बन गए हैं? उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में पहले से ही अवैध शराब की बिक्री चरम पर है। गांव-गांव में नशे का जाल फैल चुका है, युवाओं का भविष्य खतरे में है, परिवार आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं लेकिन सरकार राजस्व लक्ष्य बढ़ाने में व्यस्त है।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL

Piles Care Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center

बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर, पिलोनिडल साइनस का लेज़र मशीन / क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा

लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > साईटिका > लिगामेंट के दर्द > मोटापा > शरीर मे जकड़न

9 सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
9 सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

खबर संक्षेप

दो को दहन, 4 को खेली जाएगी होली

महासमुंद। मार्च माह 2026 में मनाए जाने वाले प्रमुख पर्वों की तिथियों का विवरण जारी कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार, 02 मार्च 2026 को होलिका दहन किया जाएगा। होलिका दहन का शुभ मुहूर्त रात्रि 1:26 बजे से 2:38 बजे तक रहेगा। वहीं बुधवार, 04 मार्च 2026 को होली (धुलेडी) का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। उक्त जानकारी श्री सत्यनारायण मंदिर खट्टी के पुजारी पंडित सुभाष शर्मा ने दी है।

निधन

रूसुक यादव

नवापारा-राजिम। शीतलापारा के गणमान्य नागरिक रूसुक यादव का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया जिसमें बड़ी संख्या में शहर, समाज एवं परिवार तथा मुहल्ले के लोग शामिल हुए। शामिल होने वालों में विशेष रूप से यादव समाज के वरिष्ठ गोपाल यादव, आनंद यादव, निर्माण यादव, नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष धनराज मध्यानी, पूर्व उपाध्यक्ष जीत सिंग, मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष सौरभ शर्मा, मुकुंद मेश्राम, अजय साहू, मंगराज सोनकर, राकेश सोनकर सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद थे। स्व रूसुक यादव, सागर यादव, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रामा यादव, मोहन यादव, रामनारायण यादव के पिताजी थे।

सम्मेलन : ग्राम कांटाखुसरी में दो दिवसीय मानसगान सम्मेलन में पहुंचे विधायक

प्रभु राम का जीवन मर्यादा का प्रतिमान है जो हमें धर्म के मार्ग पर चलना सिखाती है : रोहित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

क्षेत्र के ग्राम कांटाखुसरी (सिवनी) में दो दिवसीय मानसगान सम्मेलन गरिमामय आयोजन किया गया। इस भक्तिमय आयोजन में क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के विशेष अवसर पर राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू ने शिरकत की। साथ ही कार्यक्रम में जिल पंचायत सभापति शिवांगी चतुर्वेदी, भाजपा मंडल महामंत्री अशोक ठाकुर, सरपंच गंगा बाई ठाकुर, भाजपा नेता राजू साहू, मानसिंह निषाद, दीपक साहू आदि उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने मानस मंडलियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। समारोह को संबोधित करते हुए विधायक रोहित साहू ने अत्यंत ओजस्वी और प्रेरक विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि भगवान राम भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक चेतना के आधार स्तंभ हैं। राम ही इस राष्ट्र के प्राण हैं और राम के बिना भारत की कल्पना अधूरी है। प्रभु राम का जीवन मर्यादा का प्रतिमान है, जो हमें धर्म के मार्ग पर चलना सिखाती है। उन्होंने आगे कहा कि आज के आधुनिक युग में समाज को नई दिशा देने के लिए प्रभु श्री राम के आदर्शों और उनके विचारों को आत्मसात करना अनिवार्य है। जिला पंचायत सभापति शिवांगी चतुर्वेदी ने कहा कि राम का चरित्र हमें धैर्य, मर्यादा और न्याय की सीख देता है। राम का चरित्र सुनने के साथ ही जीवन में उतारने के लिए भी है। उन्होंने कहा कि भगवान राम का जीवन मर्यादा, त्याग और आदर्शों का प्रतीक है। आज के समय में उनके द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलना ही सबसे बड़ी मानवता है। यह कार्यक्रम उन्हीं के आशीर्वाद से सफल हो रहा है और ग्राम कांटाखुसरी में भक्ति का अद्भुत माहौल निर्मित हुआ है। उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए ग्राम समिति और ग्रामीणों की सराहना की। दो दिनों तक चले इस महोत्सव में विभिन्न मानस मंडलियों द्वारा श्रीरामचरितमानस के प्रसंगों का सस्वर गायन किया गया।

बड़ी संख्या में ग्रामीण मानस गान का आनंद लेने पहुंचे

मानस सम्मेलन के माध्यम से मंडलियों ने राम की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम से धार्मिक और सामाजिक एकता का भी संदेश दिया। जिससे नई पीढ़ी को अपनी गौरवशाली संस्कृति और मर्यादा पुरुषोत्तम के जीवन दर्शन से परिचित कराने में सहायता मिली। इस आयोजन में कांटाखुसरी सहित आसपास के ग्रामों से बड़ी संख्या में ग्रामीण मानस गान का आनंद लेने पहुँचे। कार्यक्रम के अंत में स्थानीय आयोजन समिति ने मुख्य अतिथि एवं पधारे हुए सभी मानस प्रेमियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से जनपद सदस्य मुंगेश्वरी ठाकुर, उपसरपंच सुलोचना नायक सहित बड़ी संख्या में आयोजन समिति के सदस्य और ग्रामवासियों की उपस्थिति रही।

श्री शिव महापुराण कथा में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

मानिकचौरी में आयोजित श्री शिव महापुराण कथा इन दिनों भक्तिमय वातावरण में जारी है। 19 फरवरी से प्रारंभ हुई यह पावन कथा 23 फरवरी तक प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से सायं 5 बजे तक संपन्न हो रही है। कथा व्यास पूज्य पंडित कृष्णचंद्र दुबे पराशर जी अपने श्रीमुख से भगवान शिव की महिमा, भक्ति और धर्म के गूढ़ रहस्यों का सरल एवं भावपूर्ण वर्णन कर रहे हैं। उनके ओजस्वी वचनों से श्रद्धालु मंत्रमुग्ध होकर कथा का रसास्वादन कर रहे हैं। कथा स्थल पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होकर शिव महापुराण का श्रवण कर रहे हैं। संपूर्ण वातावरण हर हर महादेव के जयघोष से गुंजायमान हो रहा है। इस धार्मिक आयोजन का संचालन साहू परिवार द्वारा श्रद्धा और समर्पण भाव से किया जा रहा है। आयोजन स्थल पर भक्तों के लिए बैठने एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएँ सुचारू रूप से की गई हैं। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि शेष दिनों में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कथा श्रवण का पुण्य लाभ प्राप्त करें। कथा श्रवण करने विधायक इंद्रकुमार साहू भी शामिल हुए और व्यासपीठ से आशीर्वाद प्राप्त किया।

विधायक का जनदर्शन एक माह के लिए स्थगित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

क्षेत्र की जनता और विधायक के बीच सीधा संवाद स्थापित करने वाला कार्यक्रम विधायक जनदर्शन आगामी एक माह तक स्थगित रहेगा। राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू के कार्यालय से जारी आधिकारिक जानकारी के अनुसार 23 फरवरी से शुरू हो रहे छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र के कारण यह निर्णय लिया गया है। विधायक रोहित साहू ने स्पष्ट किया कि विधानसभा सत्र के दौरान कर्तव्यों के निर्वहन हेतु उनका राजधानी रायपुर में उपस्थित रहना अनिवार्य है इसलिए बजट सत्र तक क्षेत्रीय कार्यक्रम और नियमित जनदर्शन कार्यक्रम स्थगित रहेगा। बजट सत्र के बाद पुनः पूर्व की भांति सभी कार्यक्रम संचालित होंगे। उन्होंने कहा कि जनदर्शन के माध्यम से क्षेत्रवासियों की समस्याओं, मांगों एवं सुझावों को सीधे सुनकर निराकरण किया जाता रहा है। सत्र समाप्ति के पश्चात जनदर्शन कार्यक्रम पुनः पूर्ववत प्रारंभ किया जाएगा। उक्त जानकारी विधायक रोहित साहू के निज सहायक किशोर कुमार साहू ने प्रदान की।

मुकुंद मेश्राम बने जिला महामंत्री

नवापारा-राजिम। अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष डॉ. बीआर गौतम ने शहर के ऊर्जावान युवा नेता मुकुंद मेश्राम को अनुसूचित जाति मोर्चा जिला रायपुर ग्रामीण में जिला महामंत्री का दायित्व प्रदान किया है। जिला महामंत्री जैसा महत्वपूर्ण दायित्व प्रदान करने के लिए मुकुंद मेश्राम ने प्रदेश भाजपा संगठन सहित अभनपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक इंद्रकुमार साहू, वरिष्ठ नेता चंद्रशेखर साहू, वरिष्ठ नेता अशोक बजाज, नवापारा मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा के प्रति आभार जताया है और कहा कि संगठन ने जिस आशा और विश्वास कर के यह दायित्व प्रदान किया है उस विश्वास में खरा उतारने का प्रयास करेंगे साथ ही सभी वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन में एवं कार्यकर्ताओं के साथ समय समन्वय बनाकर संगठन में नये युवाओं को जोड़ेगे और मजबूत करेंगे। मुकुंद मेश्राम को जिला महामंत्री बनाए जाने पर बधाई देने वाले में मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा, नपा अध्यक्ष ओमकुमारी साहू, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष परदेसी राम साहू, नपा विधायक प्रतिनिधि संजय साहू, नपा सांसद प्रतिनिधि दयालु राम गाड़ा, डॉ. राजेंद्र गदिया, नपा उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी, प्रेम साधवानी, जनक कंसारी, धीरज साहू, रेशम हुंदल, अविनाश साहू, प्रेमलाल साहू, राजू रजक, संजीव टिंकू सोनी, चिंटू तराने, सचिन सचदेव,अंकित मेघवानी, गुलशन साहू, जितेंद्र साहू शामिल है।

घटकर्रा स्कूल में दसवीं के विद्यार्थियों को दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाण्डुका

शासकीय हाई स्कूल घटकर्रा में कक्षा दसवीं में अध्ययनरत विद्यार्थियों को कक्षा नवमीं के विद्यार्थियों द्वारा ससम्मान विदाई समारोह का आयोजन किया गया। देविका, मानसी, तारिणी और इकेश्वरी के वंदना से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

कु. कोमल, यामिनी, मेघा, रीना, वीना, बन्दना, राहुल ने विदाई पर भाव व्यक्त किए। कक्षा नवमीं के विद्यार्थियों द्वारा दसवीं के भाई-बहनों को आगामी परीक्षा के लिए कलम व शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर संस्था की प्राचार्या जुगनू सिंग द्वारा दसवीं से सभी बच्चों को अच्छी गुणवत्तापूर्ण दफ़्ती (परीक्षा पेड़) भेंट की और आशीर्वचन में प्रेरक संबोधन की। संजय वर्मा, दीपक कुमार नाग, लक्ष्मी दीवान, मती मनीषा साहू सभी व्याख्याताओं ने बच्चों की उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दिए। इस अवसर पर दसवीं के बच्चों द्वारा विद्यालय प्रांगण में यादगार स्वरूप एक पेड़ लगाए। कार्यक्रम का संचालन श्री दिनेश वर्मा व्याख्याता ने किया।

अमात गोंड समाज का वार्षिक अधिवेशन संपन्न, बिसेराम ठाकुर बने नए अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

अमात गोंड समाज का वार्षिक अधिवेशन शंकर नगर टोनहीडबरी के आश्रित ग्राम कामराज में संपन्न हुआ। अधिवेशन में पहले गांव में कलश यात्रा निकाली गई तपश्चात प्राकृतिक शक्ति पंचतत्व बड़ादेव का पूजन कर सभी पदाधिकारीगण का पीले चावल से स्वागत सम्मान किया गया। अधिवेशन में 11 गांव का अमात गोंड सगा समाज का परिचय सम्मेलन हुआ तथा समाज के युवक युवती द्वारा गोंडी संस्कृति संबंधित भव्य प्रस्तुति दी गई। विगत वर्ष में समाज के 10 वीं 12वी में अच्छे अंक लाने वाले बच्चों को युवक युवती को समाज प्रमुखो द्वारा सम्मानित किया गया। साथ ही कला संस्कृति में समाज का नाम रोशन करने वाले सभी कलाकारों को सम्मानित किया गया है। अधिवेशन में नव पदाधिकारी का चुनाव किया गया जिसमें बहुत संख्या में युवक युवती रुचि दिखाई। समाज प्रमुखों द्वारा युवक युवतियों को समाज का रीति-नीति के बारे में जानकारी दी गई तथा समाज के सभी युवक युवती अच्छे एजुकेशन प्राप्त कर समाज का नाम रोशन करने की बात कही । किंतु कुछ करणों से नौकरी नहीं मिल पाने पर स्किल्स डेवलपमेंट कर आत्मनिर्भर बनने की बात बताई गई। कार्यक्रम में नव पदाधिकारी अध्यक्ष बिसेराम ठाकुर टोनहींडबरी, महासचिव सेवकराम जगत विजयपुर, संरक्षक तिहारसिंग ठाकुर विजयपुर, सचिव राधेश्याम ठाकुर सेन्दबाहरा, सहसचिव जगतूराम नागेश जाटियातोरा, सलाहकार गोपीराम ठाकुर सेन्दबाहरा, राज्यसभा सदस्य आलाराम नागेश कामराज,महिला प्रभाग अध्यक्ष श्रीमती सुशीला नागेश संदबाहरा,सचिव, श्रीमती चंदेश्वरी ठाकुर टोनहिडबरी, कर्मचारी प्रभाग अध्यक्ष यशवंत नागेश उपाध्यक्ष अशोक नागेश ,युवा प्रभाग,अध्यक्ष अजय ठाकुर, कामराज उपाध्यक्ष दलेश्वर नागेश सहित ग्रामीण जन उपस्थित थे।

कुरुद-तरीघाट टू-लेन मार्ग के लिए 25.87 करोड़ रुपए स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

राजिम विधानसभा क्षेत्र के कुरुद से तरीघाट टू लेन मार्ग के निर्माण के लिए 25 करोड़ 87 लाख की राशि स्वीकृत की गई है। इस बहुप्रतीक्षित सड़क की मंजूरी मिलने से समूचे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। इस सौगात से उत्साहित ग्रामीणों ने राजिम विधायक रोहित साहू से सौजन्य मुलाकात कर उनका भव्य अभिनंदन किया और क्षेत्र की जनता की ओर से आभार व्यक्त किया। सड़क निर्माण की मांग लंबे समय से लंबित थ जिसके कारण ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। मुलाकात के दौरान ग्रामीणों ने कहा कि यह भाजपा सरकार और विधायक रोहित साहू की सक्रियता से संभव हो रहा है जिससे हमारे क्षेत्र में विकास को गति मिल रही है। मुलाकात के दौरान विधायक रोहित साहू का पुष्पगुच्छ और मालाओं से स्वागत किया गया। ग्रामीणों के स्नेह पर प्रतिक्रिया देते हुए विधायक साहू ने कहा कि राजिम विधानसभा का सर्वांगीण विकास ही मेरी प्राथमिकता है। कुरुद-तरीघाट मार्ग के लिए राशि की स्वीकृति के लिए सभी क्षेत्रवासियों को हार्दिक बधाई। मैं आप सभी को आश्वस्त करता हूँ कि आने वाले समय में विधानसभा के हर कोने तक बुनियादी सुविधाएं पहुंचाएंगे। इस अवसर पर प्रमुख रूप से शिवांगी चतुर्वेदी सभापति जिला पंचायत, गोपी राम ध्रुव भाजपा मण्डल अध्यक्ष कोपरा ,दीपक साहू प्रदेश प्रचार-प्रसार सह प्रमुख भाजयुमो ,हेमंत वर्मा मण्डल महामंत्री कोपरा,तुलेश्वरी साहू सरपंच भेंडरी, लोमश राम साहू, लता ध्रुव इंदरा कवर धनीराम साहू सोसायटी अध्यक्ष,लीलेश टंडन, चंद्रशेखर साहू, मनीष साहू, बिसु साहू, जगदीश साहू, भागवत साहू, लोकेश साहू, नारद ध्रुव एवं लुकेश ध्रुव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

विकसित भारत जीरामजी की जानकारी देने गांव गांव पहुंच रहे जिला किसान मोर्चा के पदाधिकारी

नवापारा राजिम। भारतीय जनता पार्टी के रायपुर जिला किसान मोर्चा के अध्यक्ष परदेशी राम साहू के द्वारा नवगठित मोर्चा के पदाधिकारियों के लेकर रोजगार गारंटी के तहत चल रहे विभिन्न गांवों में जाकर केन्द्र सरकार की नई योजना विकसित भारत रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन ग्रामीण के विषय में विरोधी दल के नेताओं के द्वारा ग्रामीणों को गुमराह कर भ्रमित किए जाने के प्रत्युत्तर के रूप असलीयत बताया जा रहा है। शनिवार को ग्राम टीला भोतीडीह एवं परसदा में किसान मोर्चा के प्रदेश प्रभारी योगेश्वरानंद योगेश नेताम संभाग प्रभारी तरूण वैद्य जिला प्रवक्ता टीकम चन्द साहू जिला उपाध्यक्ष रानी पटेल जिला मंत्री किशोर साहू के साथ कार्य स्थल पर पर कार्यरत ग्रामीण श्रमिक मजदूरोंसे सामुहिक वार्ता कर बताया गया। कि यह योजना जो पहले 100 दिन का था अब श्रमिकों को 125दिन का काम मिलेगा जिसमें प्रमुख रूप से जल सुरक्षा, मूलभूत ग्रामीण इंफ्रास्ट्रक्चर, आजीविका और आपदा निवारण कार्य होगा जो 2047तक विकसित भारत की दिशा में मील का पत्थर होगा । तथा यह पूर्णतः भ्रामक बात है कि रोजगार गारंटी योजना को बंद किया जा है यह बिल्कुल असत्य है बल्कि इसका और व्यापक रूप से विस्तार किया जा रहा है। कार्य बंद हो हो पश्चात पन्द्रह दिन में सबके बैंक खाते में डिजिटल पेमेंट हो जाएगा। उक्त निर्धारित समय पर पेमेंट नहीं होने की स्थिति में ब्याज का प्रावधान रखा जाएगा । खेती किसानी के दिनों में कार्य को बंद किया जा सकता है जिससे किसानी कार्य में भरपूर श्रमिकों की उपलब्धता रहें। इस अवसर पर श्रमिकों के साथ ही हरिशंकर पटेल, सरपंच रूपेन्द्र कुमार, उप सरपंच नेहरू साहू, केशव चक्रधारी, शोभा वर्मा, बरातू निषाद, सुनीता मानिकपुरी, सरपंच भोतीडीह, गंगूराम, डोमार साहू, परस राम, शेखर बघेल सहित पंचगण एवं ग्रामीण जन उपस्थित थे।

पारागांव में रक्तदान शिविर 50 युवाओं ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

शनिवार को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के जन्मोत्सव के अवसर पर समीपस्थ ग्राम पारागांव में ग्राम पंचायत द्वारा एकदिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें ग्राम पंचायत पदाधिकारियों और युवाओं के मेहनत से शिविर सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ । शिविर में लगभग 50 लोगों ने मानव हित में रक्तदान कर अपना मानवीय धर्म निभाया । इस अवसर पर विशेष रूप से पहुंचे भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश मंत्री किशोर देवांगन ने सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के सतत विकास और प्रत्येक वर्ग के जनकल्याण में जुटे प्रदेश के मुखिया श्री साय के जन्मोत्सव पर इस पुनीत आयोजन को संपन्न कर जरूरतमंद लोगों के जीवन रक्षा हेतु रक्त एकत्रित किया गया । यह मानवीय कार्य के साथ-साथ मुख्यमंत्री साय के प्रति धन्यवाद करने का एक अभूतपूर्व तरीका है । सरपंच भोले सोनकर ने कहा कि आज प्रदेश यशस्वी मुख्यमंत्री साय जी के नेतृत्व में विकास की नई गाथा लिख रहा है। इस आयोजन के लिए आयोजकों के साथ ही रक्त दान करने वाले लोग बधाई के पात्र हैं । इस अवसर पर आयोजन में सहयोग करने वाले सरपंच सुरेश भोले सोनकर,भोजराज , विजय देवांगन, मुकेश देवांगन, पारस निषाद, कैलाश,यादव, उत्तम कोटरे, राधिका भोई, निर्मला साहू, अनसुइया बांधे,राधा सोनकर, रेखा देवांगन , चेतन बंसवार सहित अन्य लोग मौजूद रहे ।

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 13,500/
By Train-रिजर्वेशन कोच
23 जून, 7 जुलाई, 21 जुलाई, 04 अगस्त 2026(11 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
अमरनाथ यात्रा
बाबा अमरनाथ, माता वैष्णव देवी, श्रीनगर
नोट :- बुकिंग आप जल्द करवाले क्योंकि रजिस्ट्रेशन व मेडिकल करवाना अनिवार्य रहता है।
राशि:-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

स्वामी जी
93406-38884
By Train- रिजर्वेशन व स्पेशल पैकेज से
चार धाम यात्रा
हरिद्वार, ऋषिकेश, गंगोत्री
यमुनोत्री, बद्रीनाथ, केदारनाथ
यात्रा दिनांक
18 अप्रैल 2026
02 मई 2026
18 मई 2026
02 जून 2026
14 दिन की यात्रा
राशि स्लीपर ऑफर ₹22,500/-3AC ऑफर ₹29,500/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
9111111866, 8275757579
Head Office : ग्राउण्ड फ्लोर सिटी सेंटर मॉल पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)